तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 28 जून 2026

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

5 रफ्तार का कहर, दो ट्रेलरों में भिंड़त, केबिन में फंसा चालक मौत



## खबर संक्षेप

### अधिकारी-कर्मचारियों के मुख्यालय छोड़ने पर प्रतिबंध

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के आगामी षष्ठम विधानसभा के दषम सत्र आगामी 13 जुलाई से प्रारंभ होकर 17 जुलाई तक रहेगा। जिसमें विधानसभा प्रष्नों का उत्तर निर्धारित समयावधि में शासन/वरिष्ठ कार्यालय की ओर भेजा जाना आवश्यक है। इस संबंध में कलेक्टर कार्यालय द्वारा आदेश जारी कर सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे आदेश जारी 23 जून से 17 जुलाई तक कलेक्टर के अनुमति के बिना मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे।

### उत्तरा बनी जिले की पहली रेंजर लीडर ट्रेनर



**कोरबा।** स्काउट आंदोलन से जुड़े प्रत्येक लीडर का सपना होता है कि वह लीडर ट्रेनर जैसी सर्वोच्च प्रशिक्षण योग्यता प्राप्त करे। इसी कड़ी में जिले की उत्तरा मानिकपुरी ने यह उपलब्धि हासिल करते हुए जिले की पहली रेंजर लीडर ट्रेनर बनने का गौरव प्राप्त किया है। उन्होंने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, पचमढ़ी में 15 से 21 जून तक आयोजित लीडर्स ट्रेनर्स कोर्स को पूर्ण किया। इस मुकाम तक पहुंचने में उन्हें पूरे 20 वर्षों का लंबा संघर्ष, निरंतर अभ्यास और समर्पण देना पड़ा। उन्होंने अपने स्काउटिंग जीवन की शुरुआत विद्यालयीन शिक्षा के दौरान एक गाइड के रूप में की थी। बाद में रेंजर बनीं और इसी क्षेत्र को अपने जीवन का उद्देश्य बनाकर लगातार आगे बढ़ती रहीं। उत्तरा मानिकपुरी की पहचान एक कुशल तकनीकी प्रशिक्षक, प्रेरक वक्ता और समर्पित लीडर के रूप में है।

### मादक पदार्थों के दुरुपयोग और तस्करी को लेकर चेतना शिविर



**हरदीबाजार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार ग्राम पंचायत गंगदेई थाना हरदीबाजार में मादक पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ चेतना के संबंध में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एडवोकेट प्रमोद तिवारी सहायक एलएडीसी एवं पुलिस प्रशासन की ओर से थाना प्रभारी आशीष सिंह एवं ग्राम सरपंच जागेश्वर प्रसाद एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान धूम्रपान के दुरूपयोग से बचने तथा इसके तस्करी से बचने के संबंध में जानकारी दिया गया। साथ ही ऐसी गांव की महिलाओं को समूह बना के गांव में होने वाले अवैधानिक गतिविधियों की जानकारी पुलिस को डायल 112 पर देने की सलाह दिया गया। एडवोकेट श्री तिवारी द्वारा बताया गया की इस प्रकार की कोई भी अपराधिक कृत्य सामान्य नागरिक द्वारा नहीं किया जाना चाहिए ऐसे कृत्यों से समाज को तथा परिवार को विशेष हानी होती है।

# बालको की वजह से क्षेत्र का संपूर्ण विकास संभव: देवांगन

**बालकोनगर।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) द्वारा सिविक सेंटर स्थित नवीनीकृत जुबली पार्क का लोकार्पण मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया। उद्घाटन समारोह में कोरबा नगर निगम की महापौर संजू देवी राजपूत, बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक राजेश कुमार सिंह, वार्ड 43 पार्षद हितानंद अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक, बालको के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने पार्क का भ्रमण कर विकसित की गई आधुनिक सुविधाओं, बच्चों के मनोरंजन क्षेत्र, वरिष्ठ नागरिकों के विश्राम स्थल, हरित परिसर एवं अन्य सार्वजनिक सुविधाओं का अवलोकन किया।

**खास बात**

- यह विकास यात्रा पूरे क्षेत्र के लिए स्थापित करेगा आदर्श

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समुदाय के सदस्यों ने बालको द्वारा नागरिक अधोसंरचना एवं हरित सार्वजनिक स्थलों के विकास की दिशा में किए गए प्रयासों की सराहना की। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि नवीनीकृत जुबली पार्क हरित वातावरण, योग एवं वॉकिंग ट्रैक तथा बच्चों के लिए विकसित आकर्षक सुविधाओं के माध्यम से सभी आयु वर्ग के लोगों को लाभान्वित करेगा। बालको ने सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन, महिला सशक्तिकरण तथा अन्य जनकल्याणकारी पहल के माध्यम से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उद्योग क्षेत्र के विकास से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलती है। मुझे विश्वास है कि बालको विकास की इस यात्रा को आगे बढ़ाते हुए पूरे क्षेत्र के लिए एक आदर्श स्थापित करेगा। मैं इस सराहनीय पहल के लिए बालको प्रबंधन तथा सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करता हूं। महापौर संजू देवी राजपूत ने कहा, "बालको ने सामुदायिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन, नेहरू नगर में नाला निर्माण में सहयोग सहित अनेक जनहितकारी



शेष पेज 3 पर

### बालको दे रहा महत्वपूर्ण योगदानः सिंह

बालको के सीईओ राजेश कुमार सिंह ने कहा, "बालको क्षेत्र में औद्योगिक विकास के साथ-साथ सामाजिक एवं नागरिक अधोसंरचना के विकास में भी निरंतर महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। नवीनीकृत जुबली पार्क इसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह नागरिकों को मनोरंजन, स्वास्थ्य और सामुदायिक सहभागिता के लिए एक उत्कृष्ट सार्वजनिक स्थल प्रदान करेगा। इस सराहनीय पहल के लिए मैं बालको की पूरी टीम को बधाई देता हू तथा समुदाय का भी आभार व्यक्त करता हू, जिसने हमारे कार्यों पर निरंतर विश्वास बनाए रखा है।

## 30 जून के बाद से मनरेगा नहीं रहेगा अस्तित्व में

# जी रामजी योजना, मनरेगा के श्रमिकों का पहले होगा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक जुलाई से शुरू होने जा रही जी रामजी योजना के पहले जिले में मनरेगा से चल रहे कार्यों के प्रस्ताव पहले ही बंद हो चुके थे और अब मनरेगा में किस ग्राम पंचायत में कितने मजदूर काम किए इसकी भी जानकारी जुटायी जा रही है। 30 जून के बाद मनरेगा का शासकीय कार्य समाप्त हो जाएगा।

**खास बात**

- कार्य की अवधि के साथ बढ़ेगी श्रमिकों की संख्या

जी रामजी योजना लागू होने के पहले मनरेगा के कार्यों के साथ साथ श्रमिकों की संख्या, मजदूरी भुगतान, खातों का भौतिक सत्यापन, जॉब कार्ड का सत्यापन जैसे कार्य किए गए हैं और अब श्रमिकों की संख्या भी इस योजना के तहत बढ़ाई जाएगी। वर्तमान में मनरेगा के अंतर्गत किस गांव में कितने काम हुए और कितने लोगों को उससे रोजगार मिला ऐसे बिंदुओं पर मनरेगा प्रकोष्ठ के द्वारा जानकारी तैयार की गई है। इसके आधार पर यह तय होगा कि आने वाली योजना के अंतर्गत किस ग्राम पंचायत में किस तरह के काम की आवश्यकता होती है और उन कार्यों का मैदानी स्तर पर कितना प्रभाव आम जनता पर पड़ा इसके साथ ही कार्यों में गड़बड़ी जैसी जानकारी तैयार की गई है। जी रामजी योजना में किसी तरह की गड़बड़ी न हो उसके पूर्व मनरेगा के समय की गई आर्थिक गड़बड़ी जैसे घपलों को भी रोका जा रहा है। ग्राम पंचायतों में बैठक लेकर जी रामजी योजना के विषय में जन प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को अवगत भी कराया गया है।



फाइल फोटो

### सर्वाधिक मजदूर सिविल कार्य में

ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मजदूर अधिकांशतः सिविल कार्य में ही नियोजित किए गए हैं। हादसों की कम आशंका होने की वजह से मजदूरों को सिविल कार्य में सुविधा पूर्ण होने के कारण संख्या भी सिविल कार्य में बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर महिला मजदूर का रूझान सिविल कार्य के प्रति ज्यादा होने के कारण पुरुष मजदूरों की तुलना में महिला मजदूरों की संख्या सिविल कार्य में अधिक है। जिस तरह दुरस्थ ग्रामीण अंचलों में मनरेगा के कार्यों में महिला मजदूरों की संख्या अधिक हुआ करती थी।

### कस्बाई इलाके में घटे मजदूर

मनरेगा के तहत दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में भले ही मजदूरों की संख्या बढ़ी है किन्तु शहर से लगे ग्रामों में जो कस्बे में बदल गए हैं वहां मनरेगा से ज्यादा काम भी नहीं हुए और न ही मनरेगा के लिए मजदूर मिले। पिछले कुछ वर्षों से ग्रामीण अंचलों में मजदूरों को काम के लिए शहर में चल रहे संयंत्रों में कार्यों में नियोजित किया जा रहा है। इससे भी मनरेगा में मजदूर नहीं मिलने का कारण बताया जा रहा है। समय पर मजदूरी का भुगतान और आवागमन की सुविधा मिलने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के महिला पुरुष शहरों की ओर रूख कर रहे हैं।

# शिक्षकों को जनगणना कार्य का नहीं मिला मानदेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनगणना कार्य में सेवा देने वाले शिक्षकों को मानदेय नहीं मिला है। वहीं कर्तव्य प्रमाण पत्र भी विभाग के द्वारा नहीं दिया गया। इन दोनों सुविधाओं के लिए छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन द्वारा जिला प्रशासन से मांग की गई है।

**खास बातें**

- अवकाश हेतु आवश्यक है जनगणना का प्रमाण पत्र
- शिक्षक संघ ने प्रशासन से रखी है मांग

शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि जनगणना 2027 के पहले चरण के अंतर्गत मकानों का सूचीकरण व मकानों की गणना का कार्य में जिले के प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षकों ने प्रगणक व पर्यवेक्षक के रूप में ग्रीष्मकालीन अवकाश में कार्य किया। लेकिन उक्त कार्य का मानदेय और कर्तव्य प्रमाण पत्र नहीं जारी किया गया है। जबकि विश्राम अवकाश की अवधि में लिए गए कार्यों के एवज में उन्हें अर्जित अवकाश का लाभ प्रदान किया जाता है, जिसके लिए शिक्षकों को कर्तव्य प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। लेकिन प्रथम चरण का काम पूरा होने के बाद भी कर्तव्य प्रमाण पत्र के साथ मानदेय भी नहीं दिया गया है। आने वाले फरवरी 2027 से दूसरा चरण शुरू हो जाएगा। उसके पूर्व दोनों सुविधाएं शिक्षकों को प्रदान की जाएं। फेडरेशन के प्रदेश महामंत्री विपिन यादव ने इसके लिए नगर निगम आयुक्त को पत्र भी प्रेषित किया है।

# संपत्ति बंटवारे को लेकर बेटे ने मां को उतारा मौत के घाट, पिता घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पारिवारिक संपत्ति के बंटवारे को लेकर हुए विवाद ने उस वक्त भयावह रुप ले लिया जब बंटवारे की मांग पूरी नहीं होने से नाराज छोटे बेटे ने अपनी मां की लाठी से हमला कर हत्या कर दी। वहीं महिला की चीख पुकार सुनकर बीच बचाव करने पहुंचे पिता पर भी लाठी से हमला कर उसे गंभीर रुप से घायल कर दिया। घायल पिता को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले में पिता के दोनों पैर में फैक्चर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई है। वहीं हत्या के बाद फरार बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

**खास बातें**

- दिव्यांग पुत्र लंबे समय से पारिवारिक संपत्ति के बंटवारे की कर रहा था मांग
- मांग पूरी नहीं होने से आक्रोशित छोटे बेटे ने लाठी से मांग व पिता पर किया हमला

उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम चीतापाली में श्यामलाल यादव अपने परिवार के साथ निवास करता है। श्याम लाल का छोटा बेटा दिव्यांग रामकुमार यादव लंबे समय से अपने पिता श्यामलाल यादव व माता जानकुंवर यादव से पारिवारिक संपत्ति की बंटवारे की मांग कर रहा था। शुक्रवार की रात इसी बात को लेकर विवाद शुरु हुआ, जिसने देखते ही देखते हिंसक रुप धारण कर लिया। आरोपी रामकुमार यादव ने अपनी सहारे वाली लाठी से मां के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद उसने अपने पिता पर भी हमला कर उसे भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद रामकुमार मौके पर फरार हो गया। शनिवार सुबह सूचना मिलते ही उरगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रामकुमार यादव को ग्राम अंजोरीपाली से गिरफ्तार कर लिया। मामले में हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



मृतिका जानकुंवर।

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैशनल लेजर द्वारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी
कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

# अब उद्योग मंत्री लखनलाल ईवी में करेंगे दौरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए वाणिज्य एवं उद्योग, वाणिज्यिक कर (आबकारी) तथा श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन अब इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) का उपयोग कर रहे हैं। मंत्री श्री देवांगन का ईवी वाहन अब उनके काफिले में शामिल हो गया है। यह कदम स्वच्छ ऊर्जा, प्रदूषण नियंत्रण एवं सतत विकास के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ईवी के उपयोग से कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी तथा आमजन को भी पर्यावरण अनुकूल परिवहन अपनाने के लिए प्रेरणा मिलेगी। हरित एवं स्वच्छ भविष्य के निर्माण के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है और सभी को पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए।










PREMIER ACADEMY
सर्वश्रेष्ठ संस्थान
सच्चे परिणाम
TOPPERS की पहली पसंद PREMIER ACADEMY बिलासपुर
Directors
Dr. Ranit Gumber
Jayesh Gumber
ADMISSION OPEN FOR 2026-27
Offline Batch
DROPPER BATCH
NEET/IIT-JEE
FOR 12TH PASSED STUDENT
2 YEAR PROGRAM
CLASS-11th+12th
SCHOOL + COACHING
1 YEAR PROGRAM
CLASS-12th
SCHOOL + COACHING
FOUNDATION
CLASS
7th TO 10th
NEET 2024/25
में 70+ छात्र Govt. Medical College के लिए प्रवेशित
SAINI RANJAN DAS
AIIMS
BHUBANESWAR
S.MEENAL
JNM RAIPUR
GUNGUN SINGH
GMC Kanpur
RIYA MISHRA
GMC DELHI
BIRENDRA
GMC GWALIOR
SHIVAM SAHU
GMC JABALPUR
ASHUTOSH
PT. JNM RAIPUR
ADITYA KURREY
PT. JNM RAIPUR
SANDHYA SAHU
PT. JNM RAIPUR
RISHI SHEKHAR
CIMS BILASPUR
AKANKSHA
CIMS BILASPUR
REKHA
CIMS BILASPUR
LOKESH JAISWAL
GMC RAJNANDGAON
SHWETA
GMC RAJNANDGAON
PRIYANKA
GMC RAJNANDGAON
MAMTA NETAM
GMC JAGDALPUR
UPENDRA
GMC JAGDALPUR
CHANDRADEV
GMC AMBIKAPUR
GAGAN SINGH
GMC AMBIKAPUR
ANJANA BHAGAT
GMC AMBIKAPUR
NANDINI
GMC AMBIKAPUR
ARCHI SAHU
GMC AMBIKAPUR
SHRISHTI MINJ
GMC AMBIKAPUR
AISH RAJ
GMC AMBIKAPUR
SNEHA TIGGA
CCMC DURG
VOMESHWARI
CCMC DURG
C.G. BOARD ONLINE BATCH
स्कैन करें
ऑनलाइन क्लास ज्वाइन करने के लिए
हिन्दी माध्यम ऑनलाइन बैंच
कक्षा 11th & 12th CG Board
PHYSICS
CHEMISTRY
MATHS
BIO
हिन्दी माध्यम / ENGLISH MEDIUM
Class 10th CG Board
MATHS
SCIENCE
SOCIAL SCIENCE
Class 10th Board Topper's
7 STATE RANK 98% MAOSAMI
7 STATE RANK 98% LEENA
8 STATE RANK 97.83% VIBHA
ABHYUDAY 97%
NEETU 96.4%
VED PANDIYA 96%
AKSHAT 95.6%
SHTAKSHI 94.6%
RISHIKA 94%
PAWNI PATEL 94%
ARUSHI 94.%
ANAMIKA 93.6%
RAGHAVAN 93.6%
NIMRIT 93%
PRERNA SAHU 97.2%
SAKSHI KASHYAP 97.2%
KUSUM SAHU 97%
SARITA PATEL 97%
GARIMA PAIKRA 97%
HIMANSHU SINHA 97%
DANESHWARI 96.8%
Main Branch - Gumber Complex, In Front Of Old High Court, Bilaspur
Mangla Branch - Bachpan School Campus, Opp. 36 Mall, Mangla Chowk Bilaspur
Sarkanda Branch - Beside Palm Enclave, Seepat Road, Sarkanda Bilaspur
8902987789
6260618880
Follow us on
@PREMIER_ACADEMY_CG

## खबर संक्षेप

### सतपता के पूर्व उपसरपंच ने गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष के साथ की मारपीट, अपराध दर्ज

बिश्रामपुर। ग्राम पंचायत सतपता के पंचायत भवन में सूरजपुर कलेक्टर के निर्देशानुसार शुक्रवार, 26 जून को आयोजित ग्राम सभा की बैठक के दौरान सीसी रोड निर्माण के प्रस्ताव पर विवाद इतना बढ़ गया कि गाली-गलौज, जान से मारने की घमकी और मारपीट होने की स्थिति निर्मित हो गई, घटना को लेकर ग्रामवासियों में नाराजगी व्याप्त है। जानकारी के अनुसार,शासन के निर्देशानुसार ग्राम सभा में 19 बिंदुओं पर चर्चा की जानी थी। बैठक के दौरान ग्राम सचिव ने वार्ड क्रमांक 12 एवं 13 के रहवासियों की प्रमुख समस्या सीसी सड़क निर्माण का मुद्दा रखा। बताया गया कि केबिनेट मंत्री की अनुशंसा पर सड़क निर्माण के लिए 5 लाख रुपये का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसे ग्राम सभा से अनुमोदित कराया जाना था। इसी दौरान ग्राम सभा में उपस्थित सतपता के पूर्व उपसरपंच दुर्गा यादव, उनके पुत्र तथा अन्य लोगों ने मौके पर सीसी सड़क निर्माण होने का विरोध किया। आरोप है कि ग्राम के विकास के हित में सड़क निर्माण का समर्थन कर रहे ग्रामीण विजय कुर्रे से उक्त पक्ष ने गाली-गलौज शुरू कर दी। घटना का बीच-बचाव करने व समझाने पहुंचे आरएसएस कार्यकर्ता सह गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष विजय शर्मा से भी पूर्व उपसरपंच दुर्गा यादव, उनके पुत्र समेत अन्य साथियों ने गाली गलौच व मारपीट शुरू कर दी और विजय शर्मा का कुर्ता भी फाड़ दिया। मारपीट से आहत हुए विजय शर्मा को शरीर के कई हिस्से में चोटें आई हैं। मामले में प्रार्थी विजय शर्मा की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपित दुर्गा यादव एवं उसके पुत्र व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) के तहत आपराधिक मुकदमा दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### शराब के नशे में विवाद, पत्नी ने पति को उतारा मौत के घाट

सेदम। शराब पीने के बाद पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में पत्नी ने न सिर्फ पति पर हमला किया बल्कि देर रात पति को डंड़े व पत्थर से जानलेवा हमला कर दी। परिजन घायल पति को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम कदनई लोटाभावना निवासी नेतराम मझवार आ. मतरूम मझवार (50 वर्ष) शुक्रवार की रात लगभग 1 बजे पत्नी मानकुंवर मझवार (45 वर्ष) के साथ शराब पी रहे थे। शराब के नशे में दोनों में विवाद होने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि पत्नी ने नशे में धुत पति को पहले डंडे से मारा फिर पत्थल से वार कर कर घर में ही सो गई। इधर सुबह घटना की जानकारी लगने पर पुत्र बंधन ने पिता को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली लेकर गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बंधन ने बताया कि माता पिता अक्सर शराब पी कर लड़ाई झगड़ा करते थे लेकिन दोनों में इतना बात बढ़ गया कि पिता को जान गवानी पड़ी। फिलहाल मामले में बतौली पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। पत्नी भी पति के साथ गई अस्पताल शराब के नशे में लड़ाई में पति ने अपनी जान तो गंवा दी लेकिन सवेरे जब पत्नी का नशा उतरा तो पति को उठाने का प्रयास की। पति के अचेत स्थिति को देख बेटे संग पति को बचाने अस्पताल पहुंची लेकिन तब तक पति की मौत हो चुकी थी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बालको की वजह से ....

परियोजनाओं के माध्यम से निरंतर सिद्ध किया है।

आधुनिक स्वरूप प्रदान किया गया- वर्ष 1990 में बालको की रजत जयंती (सिल्वर जुबली) के अवसर पर स्थापित जुबली पार्क का पुनर्विकास कर इसे आधुनिक स्वरूप प्रदान किया गया है। यह पार्क सभी आयु वर्ग के लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। पार्क में बच्चों के लिए आधुनिक एवं सुरक्षित खेल उपकरण, सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए ओपन जिम, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष बैठक एवं विश्राम क्षेत्र, योग एवं ध्यान के लिए समर्पित योगा प्लेटफॉर्म तथा स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आकर्षक वॉकिंग ट्रैक विकसित किया गया है।

सामुदायिक जुड़ाव का प्रमुख केंद्र- यह पार्क स्वास्थ्य, मनोरंजन, योग, फिटनेस एवं सामाजिक सहभागिता के लिए एक आदर्श सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित किया गया है। बालको की यह पहल टाउनशिप एवं आसपास के क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले समय में यह पार्क स्वास्थ्य, मनोरंजन, सामाजिक मेलजोल एवं सामुदायिक जुड़ाव का प्रमुख केंद्र बनेगा।

### ग्रामीण क्षेत्रों में...

तक ही सीमित रही। वहीं दूसरी ओर लेमरू ग्राम पंचायत के गैस गोडाउन से वहां से 150 हितग्राहियों ने गैस रिफलिंग का कार्य किया है। इसके बाद से हितग्राहियों ने गैस रिफलिंग का काम बंद कर दिया। आज स्थिति यह है कि गैस गोडाउन शुरू कराने के लिए खाद्य विभाग के द्वारा रुचि नहीं ली जा रही है। और न ही विभाग के द्वारा उज्वला योजना हितग्राहियों की संख्या बढ़ाने की दिशा में किसी तरह का कोई काम किया गया। विभागीय उदासीनता के परिणाम स्वरूप लेमरू ग्राम पंचायत का गैस वितरण का काम पटरी पर नहीं आ सका है।

# खनिज माफिया पर ड्रोन कैमरे से शिकंजा, फिर पकड़ी गई 3 गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग ने अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को विशेष अभियान चलाते हुए खनिज उड़नदस्ता दल ने शहर से लगे सीतामढ़ी क्षेत्र में हसदेव नदी पर ड्रोन कैमरे के माध्यम से औचक निगरानी और कार्रवाई की।

अभियान के दौरान ड्रोन कैमरे से नदी में अवैध रेत उत्खनन करते हुए एक जेसीबी की गतिविधियों को रिकॉर्ड किया गया। ड्रोन की सतत निगरानी के दौरान वाहन का पीछा करते हुए उसकी लोकेशन इमलीडुग्गू तक चिन्हित की गई। इसके बाद खनिज जांच दल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दबिश दी और अवैध उत्खनन में संलिप्त जेसीबी तथा अवैध रेत परिवहन कर रहे एक टीपर को जब्त कर खनिज जांच चौकी, उरगा की अभिरक्षा में रखा। इसी अभियान के दौरान राताखार क्षेत्र में अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाए जाने पर एक ट्रैक्टर को भी जब्त कर रामपुर थाना की अभिरक्षा में सौंपा गया। इस प्रकार एक ही अभियान में कुल तीन वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई की गई। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि अभियान का उद्देश्य जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करना, प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा करना तथा शासकीय राजस्व की हानि को रोकना है। अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957, छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 तथा अन्य लागू वैधानिक प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

**लगातार रेत माफियाओं पर की जा रही कार्यवाही**

**खास बातें**

- सीतामणी में आसमान से निगरानी, अवैध उत्खनन कर भाग रहे 3 वाहनों किया गया जब्त



**थर्मल इमेजिंग तकनीक का हो रहा इस्तेमाल**

सहायक खनि अधिकारी राकेश वर्मा ने बताया कि अब जिले में अवैध खनन पर निगरानी के लिए ड्रोन तकनीक का नियमित उपयोग किया जा रहा है। साथ ही रात के समय अंधेरे का लाभ उठाकर अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर नजर रखने के लिए थर्मल इमेजिंग तकनीक का भी इस्तेमाल किया जाएगा। ड्रोन कैमरे में रिकॉर्ड हुए साक्ष्यों के आधार पर भागने या वाहन छिपाने की कोशिश करने वाले भी कार्रवाई से नहीं बच सकेंगे। खनिज विभाग ने जिलेवासियों से भी अपील की है कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं राजस्व की सुरक्षा में सहभागी बनें। यदि कहीं भी अवैध खनन, परिवहन या भण्डारण की जानकारी मिले तो उसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दें।

## डीएसपीएम संयंत्र के निरीक्षण के बाद अधिकारियों की ली रिव्यू मीटिंग

# सीएसपीजीसीएल के प्रबंध निदेशक ने डीएसपीएम संयंत्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने 500 मेगावाट क्षमता वाले डीएसपीएम संयंत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान 250 मेगावाट क्षमता वाले दोनों इकाईयों का निरीक्षण कर विद्युत उत्पादन को लेकर दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एमडी श्री कटियार ने अधिकारियों की रिव्यू मिटिंग ली और गोढ़ी स्थित राखड़ बांध के संबंध में जानकारी जुटाई। इसके बाद एमडी श्री कटियार वापस रायपुर स्थित डगनिया मुख्यालय रवाना हो गए।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार दो दिवसीय कोरबा प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने शुक्रवार को एचटीपीएस के 1320 मेगावाट वाले विस्तार प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया और संयंत्र निर्माण कार्य संबंधी जानकारी जुटाई। विस्तार प्रोजेक्ट और पुराने संयंत्र के निरीक्षण के बाद एमडी श्री कटियार राखड़ बांध का निरीक्षण करने पहुंचे इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से राखड़ बांध से संबंधित जानकारी जुटाई। शनिवार को दूसरे दिन एमडी श्री कटियार ने 500 मेगावाट क्षमता वाले डीएसपीएम संयंत्र के दोनों इकाईयों का निरीक्षण किया। इस दौरान एमडी श्री कटियार ने अधिकारियों की रिव्यू मिटिंग ली और निर्बाध विद्युत उत्पादन को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। संयंत्र निरीक्षण के बाद एमडी श्री कटियार गोढ़ी स्थित राखड़ बांध का निरीक्षण करने जाने वाले थे पर उन्होंने अपना दौरा रद्द कर दिया। एमडी श्री कटियार ने डीएसपीएम संयंत्र में ही अधिकारियों से राखड़ बांध के संबंध में जानकारी जुटाई और बांध में राखड़ विस्थापन को लेकर दिशा निर्देश दिए। एमडी श्री कटियार के दौरे के दौरान रायपुर मुख्यालय से सिविल प्रोजेक्ट, संचालन एवं अनुरक्षण तथा परियोजना से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। एमडी श्री कटियार ने परियोजनाओं की प्रगति, उत्पादन क्षमता, निर्माण कार्यों और संचालन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इस दौरान डीएसपीएम के मुख्य अभियंता श्री कंसल सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**एमडी के प्रवास पर कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन**



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक संजीव कटियार के हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम आगमन पर डीएसपीएम कोरबा पूर्व और कोरबा पश्चिम के कर्मचारियों ने फेडरेशन 01 के महासचिव आरसी चेट्टी के नेतृत्व में वीआईपी रेस्ट हाउस कोरबा पश्चिम में अपना विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए प्रबंध निदेशक संजीव कटियार ने फेडरेशन 01 के महासचिव आरसी चेट्टी को अपने प्रतिनिधियों के साथ अपने विश्राम गृह के सभा कक्ष में वार्ता हेतु आमंत्रित किया। वार्ता के दौरान श्री चेट्टी ने प्रबंध निदेशक के समक्ष कर्मचारियों के पदोन्नति के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए उन्हें बताया कि तकनीकी कर्मचारियों के पदोन्नति में किए गए भेदभाव से कर्मचारी आक्रोशित हैं। पदोन्नत पदों की पूर्ण संख्या होने के बावजूद एक ही बैच के आधे कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश जारी किए जाने से लोगों में काफी नाराजगी है साथ ही प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के पदोन्नति पदों में की गई उलटफेर से कर्मचारी काफी नाराज हैं और आंदोलन के मूड में हैं उन्होंने प्रबंध निदेशक से अनुरोध किया कि शीघ्र ही शेष पात्र 70 पीए टू एवं 46 पीए वन कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश जारी किए जाएं और पदोन्नति पदों के 840 पदों को पुनः यथावत किया जाए और बाकी विषयों पर वार्ता कर निराकरण हेतु संगठन प्रतिनिधियों को शीघ्र बैठक के लिए रायपुर आमंत्रित किया जाए इस पर प्रबंध निदेशक ने महासचिव एवं संगठन प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि वे इस विषय पर मानव संसाधन के अधिकारियों से चर्चा कर उचित निराकरण हेतु निर्देशित करेंगे और अतिशीघ्र संगठन प्रतिनिधियों को वार्ता हेतु आमंत्रित करेंगे। इस विरोध प्रदर्शन में फेडरेशन 01 के डीएसपीएम कोरबा पूर्व और कोरबा पश्चिम के सभी साथी एवं वितरण कंपनी के भी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चोरी के लिए आदमी मांगा, मना करने पर चाकू से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

साढू द्वारा पेट्रोल पंप में चोरी का आरोप लगाने से दुखी पेट्रोल पंप कर्मी ने पहले छककर शराब का सेवन किया फिर मोहल्ले में रहने वाले एक वाहन चालक के घर पहुंचा और उससे पेट्रोल पंप में चोरी करने के लिए आदमी की डिमांड करने लगा। ड्रायवर द्वारा मांग पूरी नहीं करने पर आक्रोशित पेट्रोल पंप कर्मी ने चालक पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रुप से घायल कर फरार हो गया। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी पेट्रोल पंप कर्मी की तलाश शुरु कर दी है।

**खास बातें**

- हमले में ट्रक ड्रायवर घायल, अस्पताल दाखिल
- बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर अरदा का मामला

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लालपुर अरदा में रंजय अपने परिवार के साथ निवास करता है, वह पेशे से वाहन चालक है। 24 जून की रात लगभग 9.30 बजे अपने घर में अपनी पत्नी सुलेखा के साथ बैठा था इसी दौरान जिओ पेट्रोल पंप में रोजी मजदूरी का काम करने वाला लक्ष्मीनारायण शराब के नशे में धुत्त होकर उसके घर पहुंचा और रंजय से बोला कि मेरा साढू मेरे उपर चोरी का आरोप लगा रहा है मुझे आदमी चाहिए पेट्रोल पंप का सामान चोरी करना है। रंजय ने उसे कहा कि अभी तुम काफी शराब पीये हुए हो सुबह आना तब बात करेंगे, फिर आरोपी लक्ष्मीनारायण वहां से चला गया। लगभग 15 मिनट बाद वह पुनः रंजय के पास आया और बोलने लगा कि तुम मुझे चोरी करने के लिए आदमी दो नहीं तो मैं तुम्हें ही जान से मार दूंगा। रंजय के द्वारा-मेरे पास चोरी करने के लिए आदमी नहीं है, कहने पर लक्ष्मीनारायण गुस्सा हो गया और अपने साथ लाए चाकू से रंजय पर हमला कर दिया। रंजय ने उसका चाकू लूटने का प्रयास किया तो चाकू वहीं जमीन पर गिर गया। जिसके बाद लक्ष्मीनारायण वहां से भाग गया। घायल रंजय उसका पीछा नहीं कर पाया। चाकू के हमला से रंजय के गले के पास चोट लगा है। डायल 108 की मदद से घायल रंजय को कटघोरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। रंजय की रिपोर्ट पर लक्ष्मीनारायण के विरुद्ध धारा 118(1), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी गई है।

# तलाकशुदा पति ने पूर्व पत्नी को एयरगन दिखाकर धमकाया



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तलाक के बाद पूर्व पत्नी को एयर गन दिखाकर धमकाने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र की जिला अस्पताल कोरबा कॉलोनी में आरोपी पति ने महिला के घर पहुंचकर पहले विवाद किया, फिर उसे थप्पड़ मारा और एयर गन को असली पिस्टल बताकर डराने की कोशिश की। महिला की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति और उसके मामा को गिरफ्तार कर लिया।

**खास बात**

- शिकायत के बाद पूर्व पति व उसका मामा गिरफ्तार

उल्लेखनीय है कि बिलासपुर निवासी सतीश कश्यप और पीड़िता ने एक वर्ष पहले प्रेम विवाह किया था। कुछ समय बाद दोनों के बीच विवाद बढ़ गया और अदालत से उनका कानूनी तलाक हो गया। तलाक के बाद भी सतीश लगातार अपनी पूर्व पत्नी से मिलने और विवाद करने उसके घर पहुंचता था। पीड़िता चिकित्सा विभाग में कार्यरत है और सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित जिला अस्पताल कॉलोनी में अपने पिता के साथ रहती है। महिला के पिता ने बताया कि कुछ दिन पहले सतीश अपनी मां और मामा के साथ घर आया था। वकील के पास जरूरी लिखापढ़ी पूरी होने के बाद सभी चले गए थे। इसके बावजूद सतीश दोबारा घर पहुंच गया। उस समय महिला खुद को कमरे में बंद कर बैठी थी, लेकिन आरोपी उससे मिलने की जिद करने लगा। जब महिला बाहर आई तो आरोपी ने उसे थप्पड़ मार दिया, जिससे विवाद और बढ़ गया। विवाद के दौरान आरोपी ने अपने पास रखी एयर गन निकालकर उसे असली पिस्टल बताया और महिला को डराने-धमकाने लगा। महिला ने तत्काल सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि आरोपी ने जानबूझकर एयर गन को असली हथियार की तरह दिखाकर भय का माहौल बनाने का प्रयास किया था। पुलिस ने आरोपी सतीश कश्यप को गिरफ्तार कर लिया। घटना के दौरान उसके साथ मौजूद मामा पर भी सहयोग और उकसाने का आरोप सही पाने पर उसे गिरफ्तार किया गया।

### शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण का आरोप

**कोरबा**। शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़ति ने आरोप लगाया है कि निखिल रजक नामक युवक ने शादी का वादा कर उसका लंबे समय तक शारीरिक शोषण किया और बाद में शादी से इनकार कर दिया। युवती का यह भी आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर उसका अपमान किया। पीड़ति ने बताया कि उसने महिला थाना और दर्री थाना में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। कार्रवाई नहीं होने से नाराज पीड़ति अपने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के साथ मामले में कथित लापरवाही की जांच की मांग की। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### डोड़की में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**कोरबा**। प्राथमिक शाला डोंडकी संकुल पटपरा में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक, पुष्प गुच्छ व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस दौरान नवप्रवेशी छात्रों को पुस्तक, स्टेशनरी व ड्रेस वितरण किया गया। विद्यालय प्रवेश उत्सव के साथ न्योता भोज कराया गया। कार्यक्रम में शिक्षिका श्रीमती अनीता रात्रे, मालती कंवर सहायक शिक्षिका का योगदान रहा। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच श्रीमती प्रमिला कंवर, उपसरपंच कुशाल सिंह कंवर, संकुल समन्वयक पवन कुमार पैकरा, बरातुराम भार्या, खेमकुमार उपस्थित रहे।




## कोरबा मार्केट









## खबर संक्षेप

### शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री साय

**बम्हनीडीह।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 2 जुलाई को नगर पंचायत बम्हनीडीह के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं समस्त पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला कलेक्टर जन्मेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने सुरक्षा, यातायात, मंच व्यवस्था और अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। मुख्यमंत्री के आगमन के लिए ग्राम पंचायत खपरीडीह के मैदान का हेलीपैड स्थल के रूप में चयन किया गया है। जिला कलेक्टर जन्मेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय ने मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। अधिकारियों ने हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक की व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की। नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश डडसेना ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में दूर-दूर से कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और नागरिक शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियां लगातार जारी हैं। कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश डडसेना, गोकुल जायसवाल, दुष्यंत सिंह राज, मोहन डडसेना, भूपेंद्र डडसेना, गणेश अजगल्ले, रमेश पटेल, तुषार जायसवाल, आर्यन जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी से समन्वय बनाकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने की अपील की।

### कैप्सूल वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

जैजैपुर। जिले के जैजैपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा हसौद-धनवार पारा मार्ग पर हुआ। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 27 जून को भेड़ीकोना निवासी अरविंद सोनी और सहसराम  बाइक से जा रहे थे। वे हसौद-धनवारपारा मार्ग पर पहुंचे ही थे कि इसी दौरान कैप्सूल वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अरविंद सोनी और सहसराम गंभीर रुप से घायल हो गए। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और घटना की सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 और जैजैपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर पहुंचाया गया। इलाज के दौरान अरविंद सोनी की मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल सहसराम की हालत चिंताजनक होने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल जांजगीर रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इधर हादसे के बाद घटना स्थल पर आवागमन बाधित हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य कराया। जैजैपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर महुआ शराब व गांजा किया जब्त

अकलतरा। अकलतरा पुलिस ने अवैध गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए संजय नगर, रहस बेड़ा एवं पुरानी बस्ती क्षेत्र में सघन छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान अवैध महुआ शराब, गांजा तस्करी एवं मारपीट के अलग-अलग मामलों में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सभी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान रहस बेड़ा निवासी शिवकुमारी उर्फ नोना के कब्जे से 6 लीटर, पौड़ीभाठा निवासी विजय कश्यप के कब्जे से 6 लीटर, पुरानी बस्ती निवासी शांति बंजारे एवं कोटमी सोनार निवासी लच्छी गोंड के कब्जे से 8 लीटर तथा अंबेडकर चौक निवासी मानकी बाई के कब्जे से 11 लीटर महुआ शराब जब्त की। इस प्रकार कुल 31 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की गई।वहीं संजय नगर निवासी रईसा बेगम (45 वर्ष) को 38 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।इसके अलावा मारपीट के एक प्रकरण में खिसोरा निवासी भगत कुमार बंजारे (34 वर्ष) को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना अकलतरा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध शराब, मादक पदार्थों के कारोबार तथा असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## विद्युत अधिकारी-कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली अधिकार मंच का गठन

# विद्युत कम्पनी में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर श्रमिक संगठनों ने दिखाई एकजुटता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में वर्ष 2004 के बाद नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का लाभ दिलाने के उद्देश्य से रायपुर में कंपनी के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी संगठनों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से विद्युत अधिकारी-कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली अधिकार मंच का गठन किया गया। उपस्थित सभी संगठनों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि पुरानी पेंशन बहाली की एक सूत्रीय मांग को लेकर अंतिम निर्णय तक संयुक्त एवं चरणबद्ध संघर्ष किया जाएगा।

**खास बात**

- 12 संगठनों के 72 प्रतिनिधियों ने लिया निर्णायक संघर्ष का संकल्प



पेंशन बहाली को लेकर जुटे श्रमिक संगटनों के सदस्य।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अधिकार मंच के संचालन एवं आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय करने के लिए सभी 12 संगठनों से दो-दो प्रतिनिधियों की समिति गठित की जाएगी, जिसमें एक प्रतिनिधि का एनपीएस धारक कर्मचारी होना अनिवार्य रहेगा। समिति की अगली बैठक आगामी सप्ताह आयोजित होगी, जिसमें आंदोलन की विस्तृत रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि 6 अक्टूबर 2023 को मुख्यमंत्री द्वारा पुरानी पेंशन योजना लागू करने संबंधी दी गई सैद्धांतिक सहमति के आधार पर कंपनी प्रबंधन को आवश्यक निर्देश जारी कराने हेतु मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही अधिकार मंच के माध्यम से प्रांतीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर चरणबद्ध आंदोलन, जनजागरण अभियान एवं संघर्ष कार्यक्रमों की रूपरेखा भी निर्धारित की जाएगी। बैठक में अभियंता संघ की ओर से मनोज वर्मा एवं प्रतीक शुक्ला, पत्रोपाधी संघ से श्रीकांत बड़गैया, फेडरेशन-01 से आरसी चेट्टी एवं सुरेंद्र शुक्ला, जनता यूनियन से अनिल द्विवेदी एवं अजय बाबर, बिजली कर्मचारी महासंघ से संजय तिवारी एवं नवरतन बरेठ, विद्युत कर्मचारी संघ (इंटक-56) से एनपी मिश्रा एवं राम इकबाल, आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ से आरएल ध्रुव एवं हर्षवर्धन पाटले, तकनीकी कर्मचारी एकता यूनियन से जितेंद्र मालाकार एवं श्रीकांत सिंह ठाकुर, तकनीकी कर्मचारी संघ से जीतराम खूंटे एवं नरेश भास्कर, डॉक्टर्स एसोसिएशन से डॉ. निलेश सिंह, कर्मचारी ऑफिसर्स एसोसिएशन से गोपाल गोहिल तथा कार्यालयीन कर्मचारी संघ बस्तर से धर्मेंद्र देवांगन एवं योगेंद्र कश्यप सहित सभी संगठनों के कुल 72 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# पड़ोसी की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपनी पत्नी के साथ बातचीत करने से नाराज पति द्वारा पड़ोसी की टांगी से हमला कर हत्या की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. ममता भोजवानी ने मामले की सुनवाई के दौरान आजीवन कारावास व 5 हजार रुपए की अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा के द्वारा पैरवी की गई।

**खास बातें**

- करताला थाना क्षेत्र के ग्राम गनियारी का मामला
- पत्नी के साथ बातचीत करने को लेकर पड़ोसी से हुआ था विवाद

करताला थाना क्षेत्र के ग्राम गनियारी में 4 व 5 जनवरी की मध्य रात यह घटना हुई थी। ग्राम गनियारी निवासी नंदकिशोर पटेल 39 वर्ष पत्नी और दो बच्चे के साथ रहता था। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने नंदकिशोर पटेल का खून से सना शव देखा। लाश उसके घर से कुछ दूरी पर पड़ोसी जयसिंह कंवर के घर के पास बाड़ी में पड़ी हुई थी। नंद किशोर पर टंगिया से हमला किया गया था। घटना की सूचना मिलने पर करतला थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। तत्कालीन विवेचना में ज्ञात हुआ था कि नंद किशोर का पड़ोसी जय सिंह कंवर के घर आना-जाना था। वह जय सिंह कंवर की पत्नी से बातचीत और हंसी-मजाक करता था, लेकिन यह बात जय सिंह कंवर को पसंद नहीं थी। 4 जनवरी रविवार की रात जब जयसिंह कंवर घर लौटा तो उसने पत्नी और नंद किशोर को हंसी-मजाक करते और बातचीत करते देखा। यह बात उसे बुरी लगी और इसी बात को लेकर नंद किशोर पटेल से उसका विवाद हो गया। दोनों के बीच विवाद बढ़ते-बढ़ते मारपीट में बदल गया। जय सिंह कंवर ने पड़ोसी नंद किशोर को घर के पास स्थित बाड़ी में ले जाकर वहां उसकी पिटाई की फिर उसके सिर पर कुल्हाड़ी (टंगिया) से लगातार वार किए। इस हमले में नंदकिशोर को गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी शव को वहीं छोडक़र अपने घर फरार गया था।

# दीपका रेलवे क्रॉसिंग पर हाइवा चालक की लापरवाही, हादसा टला



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका के गौरव पथ मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास शुक्रवार सुबह करीब 6:30 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। एसीबी कंपनी के आईचर हाईवा क्रमांक सीजी 12 बीएफ 3647 के चालक ने निर्धारित कच्चे मार्ग के बजाय प्रतिबंधित पक्के मार्ग पर वाहन घुसा दिया जिससे यातायात बाधित हो गया।

वर्तमान में गौरव पथ पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जारी है। निर्माण पूरा होने तक प्रशासन ने भारी वाहनों के लिए रेलवे क्रॉसिंग के पास कच्चे मार्ग से आवागमन की अस्थायी व्यवस्था की है। इसके बावजूद कई हाईवा और ट्रेलर चालक नियमों की अनदेखी कर मुख्य सड़क का उपयोग कर रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी भारी वाहनों की लापरवाही के कारण रेलवे फाटक के पास लगाए गए लोहे के सुरक्षा बैरियर कई बार क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और क्षेत्र में कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं। गौरव पथ पर भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर सामाजिक संगठनों द्वारा पूर्व में आंदोलन भी किए जा चुके हैं। घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने एसीबी कंपनी, ट्रांसपोर्ट संचालकों और वाहन मालिकों से मांग की है कि चालकों को नियमित रूप से सुरक्षित ड्राइविंग और यातायात नियमों का प्रशिक्षण दिया जाए तथा आम जनता से दुर्व्यवहार करने वाले चालकों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

# केवल सरकार का प्रयास ही नहीं आम लोगों की सहभागिता भी जरुरी : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग नगरी में घटते जल स्तर व बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम को लेकर वृक्षारोपण ही एक कारगर उपाय है। हर व्यक्ति को अपने जीवन में वृक्षा रोपण जरुर करना चाहिए जिससे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देशभर में एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरु किया है। उसी के तहत राज्य सरकार भी वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करा रही है लेकिन केवल सरकार के प्रयासों से ही बढ़ते पर्यावरण व बढ़ते प्रदूषण व जलवायु परिवर्तन पर लगाम लगाना संभव नहीं है इसके लिए आम लोगों की सहभागिता भी जरुरी है। इसी कड़ी में माई जी फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया पौधरोपण का यह कार्य अनुकरणीय पहल है।

**खास बात**

- माई जी फाउंडेशन ने नेहरू नगर में आयोजित किया वृहद पौधरोपण कार्यक्रम



पौधरोपण कार्यक्रम में उद्योग मंत्री देवांगन व अन्य।

उक्त बातें मुख्य अतिथि प्रदेश के वाणिज्य उद्योग, आबकारी एवं श्रम लखनलाल देवांगन ने माई जी फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा नेहरु नगर में शनिवार को आयोजित सुग्घर छत्तीसगढ़ अन्तर्गत एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, पार्षद पकंज देवांगन, नरेंद्र देवांगन, विकास अग्रवाल शामिल हुए और विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती निधि तिवारी, प्रेसक्लब अध्यक्ष नौशाद खान, वरिष्ठ पत्रकार राकेश श्रीवास्तव, भाजयुमो वैभव शर्मा, नोमनलाल तिवारी, धरमलाल तिवारी, राजेश दुबे, सिरिस तिवारी, श्रीमती आस्था शर्मा, सुमित पुजारी, एचएल पॉल, ब्रिज किशोर तिवारी, श्रीमती पुष्पा तिवारी, संरक्षक श्रीमती, होमा खान, फाउडेंशन की उपाध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा बुंदेला, सचिव हेमा शर्मा, सहसचिव रोशनी तिवारी, मीडिया प्रभारी रूपा तिवारी, खुशबू तिवारी, मंच संचालन श्रीमती पदमिनी साहू, पुनिराम साहू, स्याम साहू, मोतीलाल देवांगन, आनंद देवांगन द्वारा पौधरोपण किया गया। इस दौरान फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती निधि तिवारी उद्योग मंत्री से नेहरु नगर के खाली पड़े जमीन पर बाउंड्रीवाल व कॉलोनी के जर्जर सड़क के मरम्मत की मांग रखी। जिसपर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने पार्षद पकंज देवांगन से दोनों कार्यों का स्टीमेट बनाकर निगम में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

# नशे के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा, 5 लोगों के खिलाफ हुई कार्यवाही



महिलाओं को समझाईश देती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुण्डा क्षेत्र के वार्ड क्र. 65 भैरोताल क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने पुलिस को अवैध शराब, गांजा एवं अन्य नशे की बिक्री की सूचना दी। महिलाओं की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना कुसमुण्डा पुलिस ने कई घरों में दबिश दी एवं मौका निरीक्षण के आधार पर 5 व्यक्तियों के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई की गई।

**खास बात**

- कुसमुंडा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 65 भैरोताल का मामला

उल्लेखनीय है कि जिले में सजग कोरबा सतर्क कोरबा अभियान के तहत अवैध शराब, गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर 25 जून को थाना कुसमुण्डा क्षेत्र के वार्ड क्र. 65 भैरोताल क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने पुलिस को अवैध शराब, गांजा एवं अन्य नशे की बिक्री की सूचना दी। महिलाओं की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना कुसमुण्डा पुलिस ने कई घरों में दबिश दी एवं मौका निरीक्षण के आधार पर 5 व्यक्तियों के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी कुसमुण्डा निरीक्षक मृत्युजय पाण्डेय स्वयं अपने स्टॉफ के साथ भैरोताल बस्ती पहुँचे एवं सामुदायिक भवन में क्षेत्र की महिलाओं के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में थाना प्रभारी ने सभी महिलाओं को निडर होकर क्षेत्र में हो रही अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने बताया कि सूचना पर पुलिस त्वरित एवं पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी तथा बस्ती में पेट्रोलिंग बढ़ाने का भी आश्वासन दिया। थाना प्रभारी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए अवैध शराब एवं नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा सभी से सामाजिक बुराइयों का त्याग कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ने की अपील की। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि अवैध शराब बनाने एवं बिक्री करने वालों पर यथाविधि कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# मोहर्रम पर केजीएन यंग सीरत कमेटी ने राहगीरों को वितरित किया शरबत



शरबत पितरित करते इस्लाम धर्मावलंबी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

शहादत, सब्र, कुर्बानी और इंसानियत का पैगाम देने वाले मुकद्दस महीने मुहर्रमुल हराम की निस्बत से कटघोरा स्थित शहीद वीर नारायण चौक में केजीएन यंग सीरत कमेटी द्वारा राहगीरों एवं आमजन के लिए शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से कमेटी के सदस्यों ने मोहर्रम के पावन अवसर पर मानव सेवा, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में राहगीरों, वाहन चालकों एवं स्थानीय नागरिकों को ठंडा शरबत वितरित किया गया। भीषण गर्मी के बीच लोगों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कमेटी के प्रयासों की प्रशंसा की। आयोजन का उद्देश्य मोहर्रम के अवसर पर इमाम हुसैन की शहादत से प्रेरणा लेते हुए समाज में प्रेम, सद्भाव, सेवा और इंसानियत के मूल्यों को मजबूत करना था। कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि मोहर्रम केवल मातम का पर्व नहीं, बल्कि सत्य, न्याय, त्याग और मानवता की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान की याद दिलाने वाला अवसर है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को सामाजिक सेवा और आपसी सौहार्द के लिए प्रेरित किया जाता है। इस अवसर पर शाहे आलम, सलमान खान, कासिम अली, आदिल खान, रेहान अली, गुलाम खान, आयन खान, रियान खान, जीशान खान, साहिल, हाशिम, समीर आलम, ईशान खान, नौसाद अली, सोनू हसनैन, गोलू सहित केजीएन यंग सीरत कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### अकीदत और सौहार्द के साथ निकला जुलूस-ए-हुसैनी, ताजिया जुलूस में उमड़ा जनसैलाब

बांकीमोंगरा। मुहर्रम के अवसर पर बांकीमोंगरा नगर में जुलूस-ए-हुसैनी एवं ताजिया जुलूस पूरी अकीदत, अनुशासन और भाईचारे के माहौल में निकाला गया। बड़ी तादाद में लोगों ने जुलूस में शामिल होकर हज़रत इमाम हुसैन की शहादत को याद किया और उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश की। ताजियादार आजाद अंसारी के ताजिया का आगाज बनवारी साइड स्थित मुकाम से हुआ। यह जुलूस नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए इंदिरा नगर मुस्लिम समाज ईदगाह पहुंचा, जहां धार्मिक रस्मों के साथ इसका समापन किया गया। जुलूस के दौरान विभिन्न स्थानों पर पारंपरिक अखाड़ा का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। युवाओं ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों का मन मोह लिया। पूरे मार्ग में या हुसैन की सदाओं और मातमी माहौल के बीच श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। देर रात तक लोग ताजिया और अखाड़ा प्रदर्शन का लुत्फ उठाते रहे। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद रहा।



# खनिज विभाग ने सघन अभियान चलाते हुए 14 जगह पर मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अवैध उत्खनन परिवहन व भण्डारण पर प्रतिबंध लगाने के लिए शनिवार को विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गठित चार खनिज जांच दलों ने जिले के संदिग्ध स्थानों सीतामढ़ी, बरमपुर, कपाटमुडा, सरईसिंगार, कुचना मोड़, बरबसपुर, कटबिटला, भैसामुडा, राहडी, मुनगड़ी, आमाखोखरा, कसानिया, लखनपुर, धवईपुर सहित अन्य स्थानों पर छापा मारकर सघन जांच की। जिस दौरान बरमपुर तथा पाली में रेत का अवैध परिवहन कर रहे एक टीपर और एक ट्रेक्टर पर कार्यवाही करते हुए जप्त कर हरदीबाजार थाना तथा पाली थाना की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रतिबंध सुनिश्चित करना, अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा शासकीय राजस्व की हानि को रोकना है। नियमों का उल्लघंन करने, अवैध उत्खनन एवं परिवहन तथा भण्डारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध खान और खनिज अधिनियम 1957, छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 और अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है। विभाग ने चेतावनी दी है कि अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण के विरुद्ध सघन अभियान लगातार जारी रहेगा और अब ड्रोन कैमरा से भी निगरानी रखी जाएगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




जप्त ट्रैक्टर।

## खबर संक्षेप



### गैस सिलेंडर के पास बैठा था नाग, सुरक्षित रेस्क्यू

**कोरबा।** जिले में लगातार बढ़ रही उमस और मौसम में बदलाव के कारण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में विषैले और विषहीन सर्प निकल रहे हैं, इसी क्रम में कल रात्रि 11.30 बजे नकटीखार क्षेत्र के एक घर में गैस सिलेंडर के पास बैठे नाग को देखकर परिजनों में दहशत फैल गई, सांप को देखते ही घर वालों ने नोवा नेचर के जितेंद्र सारथी को सूचना दिया थोड़ी देर पश्चात जितेंद्र सारथी मौके पर पहुंचे और सावधानी पूर्वक सर्प का सफल रेस्क्यू किया फिर उसे सुरक्षित प्राकृतिक आवास जंगल में छोड़ दिया। जितेंद्र सारथी ने आमजन से अपील की है कि घर या आसपास कहीं भी सांप दिखाई दे तो उसे मारने का प्रयास न करें, बल्कि तत्काल वन विभाग या रेस्क्यु टीम के हेल्प लाइन नंबर 8817534455 पर सूचना दें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक और अंधविश्वास के चक्कर में न पड़ें, बल्कि पीड़ित को जल्द से जल्द नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं तथा आवश्यकता होने पर उनसे संपर्क कर सही परामर्श प्राप्त करें। जागरूकता और समय पर उपचार ही सर्पदंश से होने वाली मृत्यु को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है।

### अब पक्के घर में मिलेगी सुरक्षित जिंदगी

**कोरबा।** जिले के सीमावर्ती ग्राम काटाद्वारी में रहने वाले लगभग 50 वर्षीय ग्रामीण महेत्तर राम के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना किसी वरदान से कम नहीं साबित हुई है। दोनों पैरों से चल पाने में असमर्थ महेत्तर राम अब अपने परिवार के साथ पक्के घर में सुरक्षित जीवन जी रहे हैं। महेत्तर राम ने बताया कि उनकी पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है और वे अपने दो बेटों के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनका कच्चा मकान वर्षों तक पक्का नहीं हो सका। बारिश के मौसम में घर की छत टपकती थी और परिवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। ऐसे में हर बरसात उनके लिए चिंता और कठिनाइयों का कारण बन जाती थी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जब उनके नाम आवास स्वीकृत हुआ और किस्त की राशि मिली।

## कटघोरा थाना क्षेत्र के भालूमोड़ के समीप हुआ हादसा

# रफ्तार का कहर, दो ट्रेलरों में भिड़ंत केबिन में फंसा चालक, मौत





घटनास्थल पर लगी भीड़। केबिन में फंसे चालक को बाहर निकालते हुए।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

कटघोरा के भालूमोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलरों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। इस सड़क हादसे में एक ट्रेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे ट्रेलर का चालक हादसे के बाद ट्रेलर छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर दुर्घटनाकारित ट्रेलर चालक की तलाश शुरु कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो हादसे की मुख्य वजह रफ्तार है। जिसकी वजह से ट्रेलर चालक अपने ट्रेलर वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सके।

**खास बात**

- दुर्घटनाकारित ट्रेक्टर चालक घटना के बाद फरार, पुलिस जुटी तलाश में

कटघोरा थाना क्षेत्र के भालूमोड़ के पास हुआ एक भीषण सड़क हादसा एक परिवार की खुशियां हमेशा के लिए छीन ले गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों ट्रेलरों के अगले हिस्से पूरी तरह चकनाचूर हो गए। एक ट्रेलर का केबिन लोहे के मलबे में तब्दील हो गया और चालक उसी में बुरी तरह फंस गया। हादसा इतना भीषण था कि उसे संभलने या बाहर निकलने का कोई मौका नहीं मिला। उसकी सांसें वहीं थम गईं। घटना की सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। कटर की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद केबिन को काटकर चालक के शव को बाहर निकाला गया। वहां मौजूद लोगों की आंखें उस दर्दनाक मंजर को देखकर नम हो गईं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पहचान की प्रक्रिया जारी है और उसके परिजनों व वाहन मालिक को सूचना दे दी गई है। हादसे के बाद दूसरा ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर उसकी पहचान करने में जुटी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। फरार चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या और हिट एंड रन सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। वाहन नंबर के आधार पर उसके मालिक का भी पता लगाया जा रहा है। यह हादसा सिर्फ एक सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि एक परिवार के सपनों के बिखरने की दर्दनाक कहानी है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर भारी वाहनों की बेलगाम रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग लगातार लोगों की जान ले रही है। सवाल यही है कि आखिर ऐसी दर्दनाक घटनाओं से सबक कब लिया जाएगा।

# मुरुम से भरा ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**



मृतक बनवारी।



दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर।

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जटगा चौकी के धोबघटपारा में शनिवार को सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब चालक मुरुम से भरा ट्रैक्टर लेकर लौट रहा था। इसी दौरान मुरुम से भरा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया।

जानकारी के अनुसार जटगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत धोबघटपारा निवासी बनवारी पटेल 40 वर्ष ट्रैक्टर में मुरुम लोड कर परिवहन कर रहा था। इसी दौरान मुरुम से भरा ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। चालक संभल पाता, इससे पहले ही वह ट्रैक्टर के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जटगा चौकी प्रभारी भीमसेन यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी उपरोड़ा भेज दिया। जटगा चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटने से चालक की दबकर मौत होना प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सुराकछार खदान में चोरों ने बोला धावा, गार्ड पर हमला





अस्पताल में दाखिल चेतन प्रसाद व विश्वनाथ राठौर।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा**

एसईसीएल सुराकछार 3 व 4 नंबर खदान में हथियारबंद लोगों ने धावा बोल दिया। करीब 25 की संख्या में पहुंचे नाकाबपोश लोगों ने ड्यूटी पर तैनात गार्ड की बेरहमी से पिटाई की जिसके बाद गार्ड के पर्स में रखे नगदी सहित मोबाइल व खदान परिसर में रखे केबल की चोरी कर फरार हो गये। इस घटना ने एक बार फिर खदान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। हाजरी बाबू की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनकी पतासाजी शुरु कर दी है।

**खास बातें**

- मोबाइल, नगदी रकम सहित कीमती केबल वायर चोरी कर हुए फरार
- हाजरी बाबू की शिकायत पर पुलिस ने किया अपराध दर्ज

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के सुराकछार 3 व 4 नंबर खदान में लूट की घटना सामने आयी है। खदान में हाजरी बाबू के पद पर तैनात विश्वनाथ राठौर पिता जगदेव प्रसाद ने बांकीमोंगरा थाना में शिकायत दर्ज करायी है कि शुक्रवार-शनिवार की रात लगभग 25 लोगों का संगठित गिरोह खदान परिसर में दाखिल हुआ और खदान में सुरक्षा के लिए तैनात गार्ड पर ताबड़तोड़ हमला कर उसे घायल कर दिया। गार्ड के घालय होने पर उसके पर्स में रखे नगदी रकम 45 सौ व मोबाइल सहित खदान परिसर में रखे कीमती वायर की चोरी कर फरार हो गए। सूत्रों की मानें तो अक्सर लगभग 25 लोगों का संगठित गिरोह रात में हमला करता है, कर्मचारियों के साथ मारपीट करता है और लूटपाट की घटना को अंजाम देकर फरार हो जाता है। इसे केवल चोरी कहना उचित नहीं बल्कि यह डकैती जैसी गंभीर वारदात है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इतने बड़े गिरोह का मनोबल इतना बढ़ा कैसे? क्षेत्र में पहले भी खदानों में चोरी और लूटपाट की कई शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी बड़े गिरोह पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। लगातार हो रही घटनाओं से खदान कर्मचारियों और आसपास के लोगों में भय का माहौल है।

**पुलिसिया कार्रवाई पर उठे सवाल**

अब सवाल पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी उठ रहे हैं। यदि पूर्व की शिकायतों पर समय रहते ठोस कार्रवाई होती और गिरोह के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाता, तो संभव है कि इतनी बड़ी वारदात नहीं होती। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि डकैती की धाराओं में मामला दर्ज कर पूरे गिरोह की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए, खदानों की सुरक्षा बढ़ाई जाए तथा रात्रि गश्त को प्रभावी बनाया जाए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026




नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें


हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166

# Excellence Isn't Claimed. It's Proven.

**NEPS Students Continue the Legacy of Success**

**Proudly congratulating our Class X and XII toppers.**

## AISSCE (Class XII) 2026 Toppers with 85% and Above Marks




96.2% ISHITA MANWANI (Commerce) School Topper
93.6% MAYA SONI (Science)

SAMBHAV MALANI 94.8%, ISHIIKA CHANDRAKAR 93.4%, KAVYA AGRAWAL 93%, ANANYA AGRAWAL 92%, MAYANK PATEL 91.2%, DEVANSH AGRAWAL 91%, SRIJA SONI 91%, RAGHAV SINGH RATHORE 90.6%, ONKESH RAJ KHARSAN 90.2%

RIDDHI GOEL 89.6%, RHYTHM SAH 88.4%, KRITI NAIR 87.8%, KUNAL AGRAWAL 87.8%, ARSHPREET KAUR 87.4%, SARAH RIDHIMA MASIH 87.4%, SOUMYA MANWANI 87.2%, ANSHUL DHAMWANI 87%, MAYANK NAGLE 86.6%

ABHINAV SONI 86.4%, SANA FATIMA 85.6%, RIYA MISHRA 85.2%, SHIVAM MAKWANA 85.2%, PARI GANGWANI 85%, ADWITA RITUL 85%

## AISSE (Class X) 2026 Toppers with 80% and Above Marks



98% SAKSHI BARETH School Topper
97.8% KUSHAL SAHU
97.4% ROZA ANSARI

AKSHITA SINGH 97.2%, SHREYA SAHU 97.2%, SAHITYA SHARMA 97%, SARASWAT HAZRA 96.6%, ARADHYA SINGHAL 96.4%, ANSHIKA AGRAWAL 95.6%, ADITYA SHRIVASTAV 95.2%, ARYAN DEWANGAN 94.6%, ARSHVEER SINGH 94.4%

AKSHAT AGRAWAL 94.2%, ARPITA SAHU 94%, NIVEDITA NISHAD 93.6%, VARUN KEDIA 93.4%, NIKITA KANWAR 93.4%, SAMPADA TRIPATHI 93.2%, BRIJ MOHAN SINGH 93.2%, EKAGRA CHANDRAKER 93%, CHIRAG AGRAWAL 92.8%

PRIYA RATHORE 92.8%, TRIPTI DHAMWANI 92.6%, ISHA HIMDHAR 92.6%, TANISHKA MAKHWANI 92.6%, ARYAN GOYAL 92.4%, BARCHASAV BHARDWAJ 92.2%, NAITIK AGRAWAL 91.8%, KRISHIKA YADAV 91.6%, HARSHIT SHRIVASTAVA 91.4%, PRAKRUTI RATHORE 91.4%, KHWAISH SHARMA 91.2%, SHRUTI GUPTA 90.8%, Y SAI SHAMBHAVI 90.6%

ANSHUMAN DASH 90.6%, PRANVI RAJWADE 90.4%, AAKRITI TANDAN 90%, NAVIKA AGRAWAL 90%

| | |
|---|---|
| KOMAL GODARA | 89.2 |
| ADARSH KUMAR VERMA | 89.2 |
| KAIRAVI BANSAL | 89 |
| SURYAM SINGH | 89 |
| SHRADDHA JAISWAL | 88.6 |
| DIVYANSH SINGH | 88.4 |
| VIDHVISHA SHARMA | 88.2 |
| DIKSHA SINGH | 87.8 |
| SEJAL AGRAWAL | 87.6 |
| MANSA SINHA | 87.4 |
| SUYASH AGRAWAL | 87.4 |
| KAWISH MONIR KHAN | 87.2 |
| ARCHISHA VISHWAKARMA | 86.6 |
| ALANKRITA KANWAR | 86.4 |
| SNEHA BANSAL | 86.2 |
| SHREJAL SAHU | 86 |
| AAMNA FATMA | 85.2 |
| DHAWAL RAJWADE | 85.2 |
| DHARA PATEL | 85 |

**Why Choose Us?**

- ☑ Robust Academic Framework with Flexible and Vast Subject Choices in Class XI
- ☑ Emphasis on Talent Harnessing with more than 20 Co-curricular Club Activities
- ☑ Professional Coaches and Sports Facilities
- ☑ State of the Art Composite Skill Lab- Futuristic Skill Development Endeavours
- ☑ Updated Transport Facilities
- ☑ Competent Staff

# ADMISSIONS OPEN

**From Nursery to Class IX and XI (Science, Commerce & Humanities)**

**NEW ERA PROGRESSIVE SCHOOL**

8889914979
8958918958

www.nepskorba.in

Behind Tehshil Office, Rampur, Korba (C.G.) – 495677, Website : www.nepskorba.in, Email : info@nepskorba.in
Affiliated to CBSE, Delhi, Vide Affiliation No.- 3330123